Need to ensure early laying of rail line between Etawah And Shahjahanpur in U.P.

श्री चन्द्र भाण सिंह (फरूखाबाद) : महोद्या, उत्तर प्रदेश में इटावा एवं शाहजहांपुर के बीच रेल्वे लाईन बिछाने के संदर्भ में बहुत पहले ही एक सर्वे हुआ था, परन्तु कार्य की प्रगति केवल सर्वे तक ही सीमित रही और रेल लाईन बिछाने के सिलसिले में आगे कोई कार्यवाही नहीं हुई।

यदि उक्त 170 किलोमीटर लम्बा मार्ग रेल्वे लाईन द्वारा जुड़ जाये तो यह इटावा एवं फरूखाबाद की जनता के लिए अत्यधिक उपयोगी एवं लाभप्रद होगा। यहां पर उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त रेल लाईन बन जाने से झांसी से काठगोदाम के बीच रक्षा सामग्रियों तथा सैनिकों का आवागमन सुगम हो सकेगा, जोकि देश की सुरक्षा के दृटिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ज्ञातव्य है कि काठगोदाम स्टेशन चाइना बार्डर से अपेक्षाकृत करीब है। इसके अलावा उपर्युक्त रेल मार्ग बन जाने के बाद उत्तराखंड क्षेत्र के विकास में भी बहुत उपयोगी होगा तथा मुंबई और अहमदाबाद से होने वाला यातायात ज्यादा सुगम हो सकेगा। यहां पर मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा कि गुना-शिवपुरी-भिंड-इटावा के बीच रेल्वे लाईन बिछाने का काम लगभग 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है।

अत: मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि देश हित में तथा जनहित में उक्त रेल्वे लाईन बिछाने का काम शीघ्र कराने का निर्देश दें। धन्यवाद।